# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करें : सीईओ



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा जनसुनवाई के

**निराश्रित बच्चों के मामले में गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित**

दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता के साथ सकारात्मक रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के आवेदन निराकरण से लंबित नही रहने चाहिए, इनका तत्काल निराकरण किया जायें और आवेदको को अवगत कराया जाये। जनसुनवाई के दौरान कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

**निराश्रित बच्चों के मामले में गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश**

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा कुम्हारपुरा तहसील वीरपुर निवासी दो नाबालिग एवं निराश्रित बच्चों के मामले में महिला बाल विकास विभाग को गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश दिये, जिससे बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ प्रदान करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति की जा सकें। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों की तत्काल समग्र आईडी जनरेट की जायें और जन्म प्रमाण बनाये जायें, जिससे बच्चों के आधार कार्ड बनाया जा सकें और बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा सके। बच्चों के साथ आये ग्राम के लोगों ने बताया कि दोनो बच्चों की मॉ की मृत्यु हो गई है और पिता जेल में है। ऐसे में बच्चों का जीवन यापन कठिन हो रहा है। इस मामले में स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये।

**अजनोई में पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश :** सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण रामस्वरूप आदिवासी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर पीएचई विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नलजल योजना की मोटर शीघ्र सुधारी जाये और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें।

### उत्तराधिकार के आधार पर राशि जारी कराने के निर्देश

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान बडा इमामबाडा निवासी शमशाद बेग के आवेदन पर एलडीएम यदु सॉय को निर्देश दिये कि उत्तराधिकार आदेश अनुसार मृतक पिता के बैंक खाते की जमा राशि वारिसान को दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। आवेदक शमशाद बेग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसके पिता साजिद बेग का एसबीआई स्टेशन रोड में बैंक खाता था, जिसमें 37 लाख 88 हजार रूपये की राशि जमा है, पिता की मृत्यु के बाद उक्त खाते की राशि के संबंध में मॉ के नाम सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है, इसके बाद भी बैंक शाखा द्वारा राशि नही दी जा रही है। इस पर एलडीएम को निर्देशित किया गया कि इस मामले का निराकरण सुनिश्चित किया जायें।



## सीखेड़ा में मलेरिया सर्वेलेन्स शिविर आयोजित

**श्योपुर, 17 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में तथा सीएमएचओ डॉ. डीएस सिकरवार के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल द्वारा विकासखंड विजयपुर के ग्राम सीखेड़ा में एक वृहद स्तरीय मलेरिया मास शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 109 लोगों कि किट द्वारा मलेरिया कि जाँच एवं बीमारियों का उपचार किया गया। शिविर के दौरान डॉ दयाराम जाधव, एमटीएस साहिब कुरैशी, सेक्टर सुपरवाइजर श्रीएमएल जाटव, सीएचओ लेखराज प्रजापति, सत्यनारायण मीणा, एएनएम श्रीमती वर्षा ठाकुर, लैब तकनीशियन सतीश सहित पीएम जनमन (एमएमयू) वीरपुर की पूरी टीम, आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्त्ता उपस्थित रही, उपचार के अतिरिक्त उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया नियंत्रण कि विस्तार से समझाइश दी गई, मलेरिया बीमारी के लक्षण, जाँच एवं उपचार की जानकारी दी गई।

# स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में सीईओ ने दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा स्वास्थ्य विभाग की बैठक में निर्देश दिया गए के शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीकरण अनमोल पोर्टल पर

**एएनसी पंजीयन बढाएं, शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें**

किये जायें। रक्त की कमी वाली गर्भवती महिला को एफसीएम एवं आयरन सुक्रोज दिया जायें और प्रसवपूर्व नियमित रूप से जांच की जायें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हर माह की 9 एवं 25 तारीख को आयोजित होने वाले जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को उचित परामर्श के साथ उपचार प्रदान किया जायें।

संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से टीकाकरण किया जायें। टीकाकरण कार्यक्रम की जिला स्तर से मॉनीटरिंग की जाये, उन्होने टीबी मरीजों को निक्षय अभियान के तहत फूड बॉस्केट वितरित करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर जिला टीबी अधिकारी डॉ यतेन्द्र सिंह रावत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा आदि उपस्थित थे।

## बिना बात की गाली गलौच

**श्योपुर, 17 फरवरी।** थाना सेसईपुरा मारपीट फरि. देवेन्द्र पुत्र नरेश गुर्जर उम्र 34 साल नि. मोरावन ने रिपोर्ट की कि दि. 16.02.26 के 20.00 से 20.30 बजे स्थान जाटव मोहल्ला मैय्या के मंदिर के पास मोरावन आरोपी मुकेश पुत्र नारायण सिंह गुर्जर नि. हतेडी हाल नि. ग्राम नसीहर थाना सेसईपुरा ने फरि. के साथ बिना बात के गाली गलौच की मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 16.02.26 के 23.57 बजे अप. क्र. 04/26 धारा 296 (ए),115 (2),351(3) बीएनएस कामय कर लिया है।

# सीप संकल्प पद यात्रा का आयोजन 20 से

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में विरासत मध्यप्रदेश न्याय चेप्टर श्योपुर द्वारा सीप संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सीप रामेश्वर मंदिर संकल्प पदयात्रा 20 फरवरी को सीप नदी के उदगम स्थल ग्राम पनवाडा से पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ होगी तथा 25 फरवरी को त्रिवेणी संगम रामेश्वर पर समापन होगी।



नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय ने बताया कि यह एक सांस्कृतिक चेतना यात्रा है, जो हमारे श्योपुर जिले की जीवन रेखा सीप के प्रति आदर भाव प्रकट करने तथा हमारे सांस्कृतिक अस्मिता के केन्द्र रामेश्वर महादेव मंदिर त्रिवेणी संगम के अनुरक्षण हेतु जन चेतना उत्पन्न करने के उद्देश्य से की जा रही है। यात्रा के विभिन्न पडाव पर रात्रि चौपाल आयोजित की जाकर लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा। यात्रा के 5 पडाव क्रमशः गोरस, नयागांव, मलपुरा, सोईकलां एवं मानपुर रहेगा, उक्त स्थलो से पदयात्रा प्रतिदिन प्रात: 10 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें स्थानीय नागरिक एवं स्वयंसेवी आदि सहभागी होकर सीप नदी के सौन्दर्य के प्रति संकल्प एवं उसके संरक्षण की प्ररेणा देंगे।

उन्होने सभी से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करना हमारा कर्तव्य है, अधिक से अधिक संख्या में इस सांस्कृतिक चेतना यात्रा में सहभागी बनें नागरिकगण यदि चाहे तो पूरी यात्रा में सहभागिता कर सकते है या फिर बीच के पडावो से जुडकर पदयात्रा में शामिल हो सकते है। इस यात्रा में पंजीयन हेतु कैलाश पाराशर मोबाइल नंबर 9425196743, आदित्य चौहान 9425196875, दिनेश सोनी 9977125870 तथा गिर्राज शर्मा 9617226588 से संपर्क कर यात्रा में सहभागी बन सकते है।

## एक नजर में



### ढोढर में 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त

**श्योपुर, 17 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि ग्राम ढोढर में दबिश दी गई, जहां लगभग 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 200 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34( 1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किये गये तथा जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 28000 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, कोक सिंह रावत, मोनू शाक्य एवं अन्य आबकारी बल मौजूद रहा।

### कोल्ड चौन स्कीम अंतर्गत प्रस्ताव 28 तक

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कृषि संपदा अंतर्गत एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना ( कोल्ड चौन स्कीम) घटक स्कीम अंतर्गत बहुउत्पाद खाद्य विकिरण इकाई हेतु इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाइन प्रस्ताव 28 फरवरी तक भारत सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा चाहे गये है। उद्यान विस्तार अधिकारी एसएस प्रजापति ने बताया कि योजना अंतर्गत बहुउत्पाद खाद्य विकिरण इकाईयों की स्थापना पर अनुदान सहायता राशि अधिकतम 10 करोड देय है। इस हेतु भारत सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के संपदा पोर्टल ृॅउचहं.उवचिप.हवअ.पद पर आवेदन किया जा सकता है।

### पद यात्रा के लिए पंजीयन जारी

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में विरासत मध्यप्रदेश न्याय चेप्टर श्योपुर द्वारा सीप संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प पदयात्रा 20 फरवरी को सीप नदी के उदगम स्थल ग्राम पनवाडा से पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ होगी तथा 25 फरवरी को त्रिवेणी संगम रामेश्वर पर समापन होगी। नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्री रूपेश उपाध्याय ने बताया कि यात्रा में भाग लेने के लिए पर्यावरण प्रेमी एवं नागरिकगण ीजजचेरूध्ध्वतजनतस.जध्झ तत के माध्यम से पंजीयन करा सकते है।

### बिना बात के गाली गलौच

**श्योपुर।** थाना सेसईपुरा मारपीट फरि. मुकेश पुत्र नारायण सिंह गुर्जर नि. हतेडी हाल नि. ग्राम नसीहर थाना सेसईपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 16.02.26 के 20.00 से 20.30 बजे स्थान जाटव मोहल्ला मैय्या के मंदिर के पास मोरावन आरोपी देवेन्द्र पुत्र नरेश गुर्जर उम्र 34 साल नि. मोरावन ने फरि. के साथ बिना बात के गाली गलौच की मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 17.02.26 के 01.03 बजे अप. क्र. 05/26 धारा 296 (ए),115 (2),351( 3) बीएनएस कामय कर लिया है।

## एक्सीडेन्ट में आई चोटों से इलाज के दौरान मौत

**श्योपुर, 17 फरवरी।** थाना बरगवां मर्ग सूचनाकर्ता अनिकेत पुत्र कमल आदिवासी उम्र 24 साल नि. जागदा थाना बरगवां ने बताया कि दि. 15.02.26 के 16.00 से 16.20 बजे स्थान गोरस सबलगढ रोड सिरौनी पठार के बीच पुलिया के पास मृतक अखिलेश पुत्र कमल आदिवासी उम्र 25 साल नि. सदर की मृत्यु एक्सीडेन्ट में आई चोटो के कारण दौराने इलाज अस्पताल में हो गई । दि. 16.02.26 के 11.36 बजे अप. मर्ग क्र. 01/26 धारा 194 बीएनएस कायम कर लिया है।

# थैलेसेमिया बाल सेवा योजना अंतर्गत इंदौर में जांच शिविर 24 को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 फरवरी।** प्रदेश में रक्त विकार थैलेसेमिया से ग्रसित पात्र मरीजों को थैलेसेमिया बाल सेवा अंतर्गत मैदांता फाउंडेशन के सहयोग से निशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लाटेंशन के संबंध में जांच शिविर का आयोजन 24 फरवरी को इंदौर में किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार को निर्देश दिये है कि थैलेसीमिया के बच्चों में से संलग्न मापदंड अनुसार पात्र थैलेसिमिया बच्चो का चयन कर उनके माता पिता को शिविर में जाने हेतु काउन्सलिंग करें तथा चिन्हित किये गए बच्चों की जानकारी भेजना सुनिश्चित करें।

सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि थैलेसेमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है, जो माता-पिता से बच्चों में आता है। इस रोग में शरीर में हीमोग्लोबिन कम बनता है, जिसके कारण उसका स्तर सामान्य से कम हो जाता है। इसी वजह से थैलेसेमिया से ग्रसित मरीजों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। औषधियों एवं रक्त आधान के माध्यम से इसकी गंभीरता को कम किया जा सकता है, लेकिन बोन मैरो ट्रांसप्लांट ही इसका स्थायी उपचार है।

मध्य प्रदेश में थैलेसेमिया से ग्रसित मरीजों को शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क औषधियाँ एवं उपचार प्रदान किया जा रहा है तथा सभी ब्लड सेंटर्स से नि:शुल्क रक्ताधान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रदेश के थैलेसीमिया के मरीजो को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की नि:शुल्क सेवाए प्रदाय करने के उदेश्य से थैलेसिमिया बाल सेवा योजना के अंतर्गत मेदांता फाउंडेशन, नई दिल्ली के साथ एम.ओ.यू. संपादित किया जाकर पात्र मरीजो को नि:शुल्क एचएलए टाइपिंग जांच एवं चिन्हित तथा मैच मरीजो को नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट सुविधा मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में उपलब्ध कराई जावेगी।

प्रथम चरण में पात्र थैलेसिमिया मरीजों का चयन एवं एचएलए टाइपिंग जांच शिविर का आयोजन 24 फरवरी 2026 को इंदौर में किया जा रहा है। जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलो के थैलेसिमिया मरीजो के लिए एचएलए जांच की जावेगी। उन्होंने बताया कि इंदौर शिविर में जांच के लिए जाने हेतु सीएमएचओ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### मोटर साइकिल लापरवाही से चलाकर मारी टक्कर

श्योपुर, 17 फरवरी। थाना बरगवां सडक दुर्घटना फरि. बनवारी पुत्र रामप्रकाश आदिवासी उम्र 30 साल नि. ग्राम कोटका थाना ढोढर ने रिपोर्ट की कि दि. 15.02.26 के 16.00 से 16.20 बजे स्थान गोरस सबलगढ रोड सिरोनी पठार के बीच पुलिया के पास आरोपी अज्ञात प्लेटिना मो.सा. का चालक ने मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. भाई की मो.सा. मे टक्कर मार दी जिससे फरि. व उसकी बहन और राकेश को चोटे आई । दि. 16.02.26 के 20.30 बजे अप. क्र. 10/26 धारा 281,125ए बीएनएस कायम कर लिया है।

# गौरवपूर्ण वृद्धावस्था अभियान पहुंचा सिमराई, सारंगपुर





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा विजयपुर के माध्यम से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान द्वारा मंगलवार को प्रात: 11 बजे छिमछिमा हनुमान मंदिर पर उपस्थित जन समूह व श्रद्धालु भक्तों आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी समझाई गई।

तत्पश्चात अभियान शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिमरई पहुंचा जहां अभियान प्रभारी शशि बहन ने छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय के शिक्षकगणों को अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने तथा अपनी दिनचर्या में अध्यात्म को शामिल करने के बारे में बताया गया तथा कहां की चरित्र उत्थान के लिए प्रतिदिन एक अच्छाई को धारण करें तथा एक बुराई को छोड़ने का संकल्प करें तो निश्चित रूप से हमारा जीवन अच्छा बन जाएगा तथा कहा कि कोई भी व्यक्ति एक दिन में महान नहीं बनता है उसके लिए सतत पुरुषार्थ करना पड़ता है तब जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

## बोर्ड परीक्षाओं में आज सम्मिलित हुए 6530 परीक्षार्थी

**श्योपुर, 17 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि जारी बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में आज हाईस्कूल कक्षा 10 की परीक्षा में 6530 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। बोर्ड द्वारा निर्धारित टाईम टेबिल के अनुसार आज जिले के 33 परीक्षा सेंटरों पर हाईस्कूल बोर्ड के अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें दर्ज 6695 परीक्षार्थियों में से 6530 ने परीक्षा दी, 165 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

# मठेपुरा में दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 फरवरी।** जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम मठेपुरा में सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया, ग्राम मठेपुरा में एमएसडब्लू, बीएसडब्लू छात्र एवं मातेश्वरी सेवा संस्थान के कार्यकर्ता, ग्रामवासी सम्मिलित हुये इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों के मध्य जन कल्याणकारी योजनाओं के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई एवं सरकार द्वारा चलाई जा योजनाओं का प्रसार प्रचार करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिये लोगो को प्रेरित किया।

संस्था के प्रतिनिधि अविनाश माहौर द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले 5 लाख रूपये तक के उपचार लाभ बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न पेंशन योजनाओं, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना सहित श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में शिवनंदन मीणा, कपिल मीणा, मनोज शर्मा, रामनिवास, श्रीमती धूड़ी बाई, श्रीमती जसोदा बाई, श्रीमती मांगी बाई, त्रिलोक, छोटूलाल मीणा आदि उपस्थित रहे।

# शासकीय सेवकों के लिए आनंद शिविर के पंजीयन प्रारम्भ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 फरवरी।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से आनंद शिविरों का आयोजन किया जाता है जिसके लिये निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क राज्य आनंद संस्थान द्वारा वहन किया जाता है। इच्छुक अधिकारी, कर्मचारी को अपने रिपोर्टिंग अधिकारी से लिखित अनुमति लेकर अपना पंजीयन संस्थान की वेबसाइट ृंदंदकेंदेजींदउच पद पर ऑनलाइन करा सकते है।

राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर राजा खान ने जानकारी देते हुए बताया कि हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट तेलांगना हैदराबाद में 10 से 13 मार्च 2026 तक 4 दिवसीय आनंद शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शासकीय कर्मचारी अपना पंजीयन करा सकते है, उक्त शिविर में सम्मिलित शासकीय सेवको के कार्य अवधि के रूप में मान्य किया जाता है, शासकीय सेवकों को अपने सेवा काल में केवल एक ही आनंद शिविर में भाग लेने की पात्रता होगी। अधिक जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय श्योपुर एवं आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर राजा खान से मोबाइल नंबर 9575275126 पर सम्पर्क किया जा सकता है।